दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 83 मुरादाबाद 18 July 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## 548 दिनों में कोरोना टीकाकरण का रिकार्ड बनाने पर पीएम मोदी बोले- भारत के लिए यह गर्व का दिन




भारत ने आज कोरोना के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। दो साल पहले शुरू हुई कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में वैसे तो देश पहले ही अग्रणी रहा है। भारत ने कोरोना वायरस के आने के 11 महीने बाद ही वैक्सीन इजात कर ली थी, जो दुनिया के कई बड़े देश भी नहीं कर सके थे। लेकिन आज भारत ने बड़ा रिकार्ड कायम किया है। देश ने 200 करोड़ वैक्सीन डोज लगाने के आंकड़े को पार कर लिया है। इस बड़े आंकड़े को पार करते ही पीएम मोदी और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बधाई दी है।

### पीएम मोदी ने किया ट्वीट

पीएम ने देशवासियों को बधाई देने हुए कहा कि भारत ने फिर इतिहास रच दिया है। वैक्सीन की 200 करोड़ डोज का विशेष आंकड़ा पार करने पर सभी भारतीयों को बधाई। पीएम ने कहा कि देश को उन लोगों पर गर्व है जिन्होंने भारत के टीकाकरण अभियान को गति दी और अहम योगदान दिया। पीएम ने कहा कि भारत के इस अभियान ने COVID-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत किया है।

### जेपी नड्डा ने की पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश को इस रिकार्ड के लिए बधाई दी। नड्डा ने इसी के साथ कहा कि पहले एक वैक्सीन को किसी देश तक पहुंचने में 20-30 साल लगते थे, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 9 महीनों में भारतीय वैज्ञानिकों ने 1 नहीं बल्कि 2 वैक्सीन बना दी। मनसुख मंडाविया बोले- हमेशा याद रहेगा यह दिन स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी देश को 200 करोड़ वैक्सीन डोज लगाने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि देश यह दिन हमेशा याद रखेगा।

### WHO ने भी दी बधाई

भारत द्वारा कोरोना टीकाकरण के रिकार्ड बनाने पर WHO ने भी बधाई दी है। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डा पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि 2 बिलियन से अधिक COVID-19 वैक्सीन डोज देने के लिए भारत को बधाई। यह देश की प्रतिबद्धता और चल रही महामारी के प्रभाव को कम करने के प्रयासों का एक बड़ा सबूत है।

### वैक्सीनेशन के यह है आंकड़े

देश में कोरोना के खिलाफ चल रहे वैक्सीनेशन अभियान के तहत अब तक कुल 101.90 करोड़ (1,01,90,73,891) से ज्यादा पहली डोज लगाई जा चुकी है। वहीं देश भर में लोगों को लगाई गई दूसरी डोज का आंकड़ा 92.59 करोड़ (92,59,26,880) है। डाक्टरों द्वारा बूस्टर डोज लगाने की हिदायत दिए जाने के बाद सरकार ने अब तक कुल 5.49 करोड़ (5,50,14,860) वैक्सीन लगा दी है।

## कोरोना वैक्सीनेशन में उत्तर प्रदेश सभी राज्यों के मुकाबले शीर्ष पर बरकरार, मिशन मोड में हैं सीएम योगी आदित्यनाथ



लखनऊ- वैश्विक महामारी के बढ़ते कहर के बीच में बचाव का बड़ा हथियार बने कोरोना वैक्सीन का उत्तर प्रदेश ने भरपूर प्रयोग किया। प्रदेश में वैक्सीनेशन के शुरुआती दौर में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उनके सरकारी जहाज से प्रदेश में कोरोना की वैक्सीन लाई गई। अन्य प्रदेशों की तुलना में शुरुआत से ही पहले स्थान पर बने रहे उत्तर प्रदेश ने देश में दो सौ करोड़ वैक्सीनेशन का आंकड़ा पार करने में बड़ी भूमिका अदा की है। उत्तर प्रदेश ने अपनी आबादी करीब 23 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन का प्रयोग किया है। इससे पता चलता है कि पात्र लोगों को पहली के साथ ही दूसरी डोज भी काफी संख्या में लगी है। इन दिनों तो सतर्कता डोज अभियान भी बड़ी गति पकड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने कोरोना वैक्सीनेशन के मामले में अपनी शुरुआती बढ़त को बरकरार रखा है। कोरोना वैक्सीनेशन की गणना में जब अन्य राज्यों में इसकी डोज लेने वालों की संख्या हजारों में थी, तभी उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या लाखों में पहुंची चुकी थी। प्रदेश में अब तक 34 करोड़ 42 लाख 14 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। 17 करोड़ 59 लाख से अधिक लोगों ने पहली डोज ली है जबकि 16 करोड़ 43 लाख से अधिक लोगों ने दूसरी डोज ली है। भारत ने रविवार को कोरोना वैक्सीनेशन के बड़े अभियान के तहत दो सौ करोड़ यानी दो अरब वैक्सीनेशन का आंकड़ा पार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में कोरोना वायरस संक्रमण पर नियंत्रण करने के साथ ही जनहानि से बचने के लिए 16 जनवरी 2021 से वैक्सीनेशन अभियान प्रारंभ किया गया। यह अब दो अरब का आंकड़ा पार कर गया है। भारत ने 548 दिनों में 200 करोड़ कोरोना वैक्सीन डोज देकर इतिहास रच दिया है। देश के साथ प्रदेश में इन दिनों सिर्फ 75 दिन में प्रदेश के लोगों को सतर्कता डोज का भी अभियान गति पकड़ चुका है। 15 जुलाई से प्रारंभ इस अभियान के तहत 18 से 59 वर्ष आयुवर्ग के लोगों को सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर मुफ्त में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अब तो सतर्कता डोज भी फ्री में दी जा रही है।

## दलितों में भी स्वार्थी की कमी नहीं, मेरे रिश्तेदार भी मतलबी; भितरघातियों पर फूटा मायावती का गुस्सा

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भितरघातियों और विरोधियों पर सियासी हमला किया है। मायावती ने रविवार को एक के बाद एक 3 ट्वीट किए। उन्होंने लिखा कि जातिवादी ताकतें बसपा को कमजोर करने के लिए पर्दे के पीछे से साजिश कर रही हैं। मायावती ने लिखा कि बसपा को कमजोर करने के लिए कई संगठन बनाए गए हैं। इनका असली मकसद अपना स्वार्थ सिद्ध करना है। उन्होंने इस ट्वीट के जरिए अपने भाई आनंद की जमकर तारीफ की।मायावती ने लिखा-दलित व उपेक्षितों में भी स्वार्थी लोगों की कमी नहीं है, जिसमें मेरे कुछ रिश्तेदार भी हैं व एक ऐसा है जो मेरी गैरहाजिरी में मेरे दिल्ली



निवास पर CBI छापे के बाद परिवार सहित चला गया, तबसे ही छोटा भाई आनन्द सरकारी नौकरी छोड़कर परिवार के साथ मेरी सेवा और पार्टी कार्य में लगा है।

### बामसेफ और डीएस-4 को बताया कागजी संगठन

मायावती ने बामसेफ और डीएस-4 को कागजी संगठन बताया। उन्होंने लिखा- इन स्वार्थी किस्म के लोगों ने खासकर बामसेफ व डीएस4 आदि के नाम पर अनेकों प्रकार के कागजी संगठन बनाए हुए हैं जो सामाजिक चेतना पैदा करने की आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं और अब यही कार्य बीएसपी में कुछ निष्क्रिय हुए लोग भी दूसरे तरीके से कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### बीएसपी के खिलाफ षड़यंत्र कर रहीं जातिवादी शक्तियां

बसपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जातिवादी शक्तियां पर्दे के पीछे से बीएसपी के खिलाफ षड़यंत्र कर रही हैं। अपने तीसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा- इस प्रकार से बीएसपी को कमजोर करने हेतु जातिवादी शक्तियाँ यहाँ पर्दे के पीछे से यह सब षडयन्त्र करती रहती हैं। साथ ही, उनसे कागजी पार्टियाँ बनवाकर चुनाव में दलित व शोषितों का वोट बांटने की घातक कोशिश करती हैं।


अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

## धनीपुर के विभिन्न मोहल्लों के लिए नगर निगम से स्ट्रीट लाइट मांगी गई थी अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने गांव धनीपुर क्षेत्र में विश्वनाथ पुरम मोहन नगर बलवंत नगर शिव मंदिर पथवारी मंदिर धनीपुर ठाकुर बस्ती में नगर निगम से स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां गए थे स्ट्रीट लाइट के संबंध में दीपावली से पहले नगर निगम अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त को भाजपा किसान मोर्चा महानगर की तरफ से एक पत्र प्रेषित किया गया था उसमें स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की गई थी अपर नगर आयुक्त की तरफ से



कार्यवाही हुई लाइट प्रभारी एक्शन प्रभात कुमार के यहां स्ट्रीट लाइट की धनीपुर की फाइल अटकी हुई है अभी तक उन्होंने स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को धनीपुर नहीं भेजा है बहुत लापरवाह अधिकारी है इसके खिलाफ एक्शन होना चाहिए प्रभात कुमार से राकेश कुमार सिंह खुद मिले हैं आश्वासन भी दिया था लेकिन कर्मचारियों को अभी तक नहीं भेजा है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम अति शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगवाने की धनीपुर में पहल करें अन्यथा नगर विकास मंत्री जी के अलीगढ़ आगमन पर खुलकर शिकायत की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि लाइट प्रभारी एक्स एन प्रभात कुमार एक जिम्मेदार अधिकारी नहीं है इनकी वजह से लाइट विभाग में काफी भ्रष्टाचार हुआ है नगर आयुक्त गोरांग राठी से कहा है कि आप किसी की धनीपुर के विभिन्न मोहल्लों में इसकी स्ट्रीट लाइट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए अन्यथा माननीय नगर विकास मंत्री के आगमन पर जमकर शिकायत की जाएगी

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन ने दिया अरविंद शुक्ला को अपना समर्थन और आशीर्वाद

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- क्रांतिकारी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समस्त आश्रित परिवार एक साथ अरविंद शुक्ला के साथ दिखा अपने ऊपर बीजेपी एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी द्वारा किए जा रहे षड्यंत्र उत्पीड़न के लिए अरविंद शुक्ला ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन में अपनी बात को रखते हुए अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न के बारे में सभी सुलता संग्राम सेनानियों को अवगत कराया और उनसे सहयोग करने की बात की सभी संग्राम सेनानी आश्रित राष्ट्रीय परिवार ने अरविंद शुक्ला की पीड़ा को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि तुम्हें कतई घबराने की जरूरत नहीं है हम सब तुम्हारे साथ हैं इस मामले में अगर शासन-प्रशासन से बात करनी होगी तो बात की जाएगी और तुम्हारी को समस्या को अधिकारियों के सामने रखा जाएगा अगर अधिकारी किसी के दबाव में कार्य करते हुए तुम्हारा सहयोग नहीं करेंगें तो तो हम तुम्हारी बात ऊपर तक लेकर जाएंगे सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रीय परिवार ने एकजुट होकर खुलकर हौसला बढ़ाया और कहा कि तुम निराश मत हो तुम एक सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हो ईश्वर भी तुम्हारे साथ है तुम्हारी विजय निश्चित है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संगठन की मीटिंग में कई महत्वपूर्ण मुद्दे और भी सामने उभर कर आए जिसमें उपस्थित महान क्रांतिकारी पंडित रामनारायण आजाद के पौत्र पुनीत दुबे उर्फ बॉबी ने कहा किस शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की एक स्मारक होना चाहिए शहर में रहने वाले युवाओं को भी यह जानकारी हो इनके द्वारा देश आजाद हुआ है और देशभक्त क्रांतिकारियों के प्रति उनके मन में भी श्रद्धा भाव उत्पन्न हो वही संगठन के जिला अध्यक्ष रितेश शुक्ला ने कहा कि नगर में अतिक्रमण दौरान सड़क चौड़ीकरण में नगर पालिका द्वारा लगाए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रतीक्षालय अगर हटाए जाएं तो उनके लिए दूसरा स्थान दिया जाए और क्रांतिकारी श्रद्धा संग्राम सेनानी के जो भी चित्र खंडित हो गए हैं उनको पुनः दोबारा से वहीं पर स्थापित किया जाए उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित राकेश सारस्वत ने कहा कि हमारे जो भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित हैं उनको निरंतर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र शासन द्वारा उपलब्ध कराएं जिससे कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों का निरंतर सम्मान बना रहे व विधान चंद्र गुप्ता ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश को आजाद कराने के लिए बहुत लंबी लड़ाई लड़ी तब जाकर यह देश आजाद हुआ है जिस सम्मान के हकदार हैं वह सम्मान हमें नहीं किया जा रहा है इसलिए शासन प्रशासन से मेरा निवेदन है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित जिस सम्मान का हकदार है उसको वह सम्मान शासन प्रशासन द्वारा दिया जाना चाहिए संगठन में संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई बैठक में राकेश सारस्वत पुनीत दुबे बॉबी कन्हैया लाल श्रीवास्तव पंकज दुबे आश्रित संगठन में जहानगंज से आए त्रिपाठी जी अक्षय तिवारी रितेश शुक्ला पंकज दुबे अरविंद शुक्ला विधान चंद्र गुप्ता श्रेयस दीक्षित रोहित शुक्ला कुलभूषण श्रीवास्तव शिव कुमार बाथम शिव किशोर पालीवाल अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कई लोग उपस्थित रहे।

## जिला विकास अधिकारी का हुआ स्थानांतरण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-निवर्तमान जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी का जनपद गौतमबुद्ध नगर हेतु स्थानान्तरण होने पर विकास भवन सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि निवर्तमान जिला विकास अधिकारी का गौतम बुद्ध की धरती श्रावस्ती से गौतमबुद्ध नगर में स्थानान्तरण हुआ है जो बहुत ही सौभाग्य की बात है। मुख्य विकास अधिकारी ने उनके कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक अच्छे विनम्र स्वभाव के अधिकारी है। इनके अन्दर सज्जनता कूट-कूट के भरी है। निवर्तमान जिला विकास अधिकारी प्रतिभा के धनी व मधुर और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वे धैर्यवान अधिकारी के साथ-साथ लोगों के समस्याओं को सुनकर उस पर निर्णय लेने की क्षमता बहुत ही बेहतर थी। अपने सम्मान समारोह में संस्मरणों को साझा करते हुए उन्होने कहा कि टीम भावना के साथ काम करने से बडी-बडी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। किसी भी अधिकारी की पहचान उनके कार्यशैली से की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति आज्ञापालन, श्रम व संतुष्टि से ही प्रगति कर सकता है, हमे दूसरों को देखकर खुश रहने की आदत डालनी चाहिए। सुविधाएं व्यक्ति को उसकी जिंदगी में धीरे-धीरे मिलती हैं। उन्होने श्रावस्ती में बिताए अपने सेवाकाल के अनुभवों को भी इस अवसर पर साझा करते हुए कहा कि इस जनपद में सेवा करने का अवसर मिला है, जो मेरे लिए शौभाग्य की बात रही है।समारोह में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके मंगल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वर्तमान जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, आशुलिपिक मुख्य विकास अधिकारी एस0पी0 सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रामपुर हादसा: बस-ट्रक की टक्कर के बाद हाईवे से लेकर अस्पताल तक मची चीख-पुकार

रामपुर में शनिवार की आधी रात हुए हादसे के बाद हाईवे से लेकर अस्पताल तक चीख-पुकार मची रही। बस में फंसे लोगों को बाहर निकालने से लेकर उनको अस्पताल तक पहुंचाने में सरकारी मशीनरी के हाथ-पांव फूल गए। जिला अस्पताल में भी आधी रात घायलों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ तो स्वास्थ्य कर्मचारी भी परेशान हो गए। हालत यह थी कि घायलों को इलाज के लिए बेड तक नहीं मिल पा रहा था। एक-एक बैड पर दो से तीन लोगों को लेटाया गया था। कुछ घायल तो सरकारी अस्पताल का इलाज देखकर अपने जिलों के लिए रवाना हो गए। रामपुर में हाईवे पर बाईपास पर शनिवार को आधी रात के बाद निजी बस और ट्रक की जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की बाद में मौत हो गई। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बस में से घायलों को निकालने का प्रयास किया। अस्पताल के चार वार्डों में घायलों को शिफ्ट किया गया, लेकिन सभी घायलों को बेड नहीं मिल रहे थे। इस पर एक बेड पर दो से तीन घायलों को लिटाकर इलाज कराया गया। कई घायलों के परिजन इलाज पर नाराजगी जाहिर करते हुए शाहजहांपुर ले गए। इस बीच यहां पर परिजनों की चीत्कार सुनाई देती रही। पोस्टमार्टम हाउस के पास भी मृतकों के परिजन विलाप कर रहे थे। हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था।

## मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर रोड पर गिरा हालत गंभीर

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत लादेन शिकारी से मल्हीपुर चौराहा की तरफ को अपनी दुकान खोलने आ रहे थैकि अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर तहसील जमुनहा के पास गिर पड़ी जिससे चालक लादेन पुत्र मो 0 यासीन निवासी शिकारी चौड़ा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गंभीर चोट आई तथा बाया पैर टूट गया है ग्रामीणों की सूचना पर मल्हीपुर की पुलिस मौके पर आरक्षी परवीन कुमार व विवेक कुमार मौके पर पहुंच कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर ले गये जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया ।

# सबमर्सिबल मिस्त्री मौत प्रकरण: RPF चौकी इंचार्ज समेत सात पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस, साक्ष्य छिपाने का भी आरोप



अमरोहा में सबमर्सिबल मिस्त्री का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सबमर्सिबल मिस्त्री को शनिवार दोपहर को रेलवे पुलिस ने हिरासत में लिया था। परिजनों ने रेलवे पुलिस के 6 जवानों पर हत्या का आरोप लगाया है। अमरोहा में रेलवे पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के पंद्रह घंटे बाद सबमर्सिबल मिस्त्री का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने में मामले में पुलिस ने आरपीएफ चौकी इंचार्ज समेत सात रेलवे पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या कर साक्ष्य छिपाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान और नील मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। आक्रोशित परिजनों ने आरपीएफ कर्मियों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाकर हंगामा किया और रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। घटना स्थल पर पहुंची चार थानों की पुलिस ने बमुश्किल आक्रोशित परिजनों को समझा कर बिगड़ते हालात संभाले। पुलिस ने आरोपी रेलवे पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना रेलवे स्टेशन से मात्र दस मीटर दूर की है। रेलवे स्टेशन से सटे मोहल्ला डाक बंगला प्रेम नगर में रामकिशन का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सुखबीरी के अलावा पांच बेटे और दो बेटियां हैं। रामकिशन आईसक्रीम का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। जबकि दूसरे नंबर का बेटा विनीत सबमर्सिबल बोरिंग करने का काम करता है। साथ ही रेलवे स्टेशन के निकट शमशान घाट की गौशाला में गायों की रखवाली करता है। परिजनों के आरोप के मुताबिक, शनिवार की दोपहर 3=30 बजे विनीत गौशाला पर था। तभी रेलवे पुलिस कर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। भाई छोटू और चाचा राजपाल के आरोप के मुताबिक, रेलवे पुलिस कर्मियों ने सबके सामने विनीत की बुरी तरह पिटाई की और हिरासत में लेकर अपने बैरकों में ले गई। इसके बाद विनीत लापता हो गया। रात करीब सात बजे परिजन रेलवे चौकी पहुंचे और विनीत के बारे में जानकारी की। आरोप है कि इस दौरान चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने छोड़ने की बात कहकर वहां से भगा दिया। इसके बाद परिजनों ने देहात थाना और अमरोहा नगर कोतवाली पुलिस ने विनीत के गायब होने की मौखिक सूचना दर्ज कराई।

पुलिस ने भी मामले की छानबीन की और बैरंग लौट गई। लेकिन रविवार की सुबह छह बजे विनीत का शव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से मात्र दस मीटर दूर ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। सबमर्सिबल मिस्त्री का शव मिलने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने रेलवे पुलिस के छह जवानों पर हत्या करने के बाद शव फेंकने का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया और रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। आरोपी आरपीएफ कर्मियों को मौके पर बुलाने की मांग की। परिजनों ने रेलवे चौकी का भी घेराव किया। करीब तीन घंटे के हंगामे के बाद परिजनों को समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि मृतक के भाई छोटू की तहरीर पर आरपीएफ चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल दिवाकर, संजू, उस्मान, देवेंद्र ठाकुर और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

# ठाकुरद्वारा में महिलाओं के खातों से लाखों रुपये उड़ाए



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा में ठग ने दर्जनों महिलाओं को झांसे में लेकर उनका ई-श्रम कार्ड आधार कार्ड से लिंक कराने के नाम पर बैंक खाते से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर आया पैसा उड़ा दिया। ठगी की शिकार आधा दर्जन महिलाओं ने कोतवाली में धरना देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक युवक ने मोहल्ला जाटवान में पहुंचकर महिलाओं को झांसा दिया कि उनके खाते में तभी पैसा आएगा जब वे अपने ई-श्रम कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराएंगी। आरोपी ने जाटवान मोहल्ला निवासी सुमन पत्नी राकेश के खाते से प्रधानमंत्री आवास योजना का आया छह हजार रुपया, पिंकी पत्नी निर्मद के खाते में आया 1100 रुपये, रेखा पत्नी प्रमोद के खाते में आया 10 हजार रुपये, बंटी पुत्र राम सिंह के खाते में आया 12 हजार रुपये सहित दर्जनों महिलाओं के खातों से लाखों रुपये उड़ा दिए। महिलाओं ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। रविवार की सुबह गुस्साई महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर धरना दे दिया। उन्होंने मांग की कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश डालने का अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने फिलहाल कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जन सेवा केंद्र संचालक ने पुलिस को सौंपी तहरीर ठाकुरद्वारा। नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी बंटी का जन सेवा केंद्र काशीपुर चुंगी रोड पर स्थित है। उसने रविवार को कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी कि उसकी आईडी का प्रयोग कर आरोपी बैंक खातों से पैसा उड़ा रहा है। उसने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। ग्रामीणों को भी बना रहा शिकार ठाकुरद्वारा। नगर निवासी ठगी का आरोपी ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहा है। पुलिस का कहना है कि रविवार को उसके लालापुर पीपलसाना में मौजूद होने की जानकारी मिली है। नगर निवासी युवक के ठगी की घटनाओं को अंजाम देने के मामले में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। शीघ्र युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मूंढापांडे के भदासना का अमृत सरोवर बनेगा पर्यटन स्थल

मुरादाबाद-मौढ़ा तैय्या झील की तरह मूंढापांडे में भदासना झील को पर्यटन स्थल बनाने की शुरुआत हो गई है। एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस पर्यटन स्थल को मनरेगा और क्षेत्र पंचायत निधि से तैयार किया जाएगा। झील पर पिकनिक स्पॉट की तरह आनंद ले सकेंगे। पर्यटन स्थल को सुंदर बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम की शुरुआत हो गई है। काम को शुरू करने के लिए पचास फीसदी बजट की व्यवस्था भी हो गई है। मूंढापांडे ब्लाक में भदासना झील को पर्यटन स्थल बनाने का काम शुरू हो गया है। करीब 3 हेक्टेयर में बन रहे इस अमृत सरोवर में मनरेगा के करीब 39 लाख और क्षेत्र पंचायत निधि से 10से 20 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। इसके बाद जैसे जैसे काम रफ्तार पकड़ेगा,आगे बजट की व्यवस्था कराई जाएगी।

मूंढापांडे ब्लाक के ब्लाक प्रमुख नवदीप यादव का कहना है कि भदासना झील को अमृतसरोवर के रूप में विकसित करके पर्यटक स्थल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भदासना के साथ इस ब्लाक पर चपटा तालाब हरसैनपुर में 1.98 हेक्टेयर में अमृतसरोवर तैयार कराया जा रहा है, इसके साथ ही देवापुर और खड़गपुर जगतपुर में अमृत सरोवर बनवाया जा रहा है। इन सब को मनरेगा और क्षेत्र पंचायत निधि से तैयार कराया जा रहा है।

# पुलिस लाइन के सिपाही की मौत, सलामी देकर किया विदा

मुरादाबाद-पुलिस लाइन में तैनात बुलंदशहर के औरंगाबाद निवासी सिपाही की शनिवार रात अचानक तबियत खराब हो गई। साथी पुलिसकर्मी उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराके सलामी देने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव जिताका निवासी कुंवरपाल (37) पुत्र धर्मपाल सिंह यूपी पुलिस के 2006 बैच के सिपाही थे। एक माह पूर्व बिजनौर से उनका स्थानांतरण मुरादाबाद पुलिस लाइन में हुआ था। कुंवरपाल काफी समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार रात करीब नौ बजे तबियत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद पुलिसकर्मी उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस लाइन के आरआई रकम सिंह ने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों के आने पर रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, जिसमें बीमारी से मौत की पुष्टि हुई। बाद में पुलिस लाइन में राजकीय सम्मान के साथ सिपाही कुंवरपाल को सलामी दी गई। पुलिस अधिकारियों और सिपाहियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद परिजन शव लेकर बुलंदहशर के लिए रवाना हो गए। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में एसपी देहात विद्यासागर मिश्र, एसपी ट्रैफिक अशोक कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार, सीओ कोतवाली महेश चंद गौतम, सीओ ट्रैफिक शैलजा मिश्रा, आरआई रकम सिंह समेत पुलिस अधिकारी और सिपाही मौजूद रहे।

## दो बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

सिपाही कुंवरपाल के परिवार में पत्नी प्रीति, एक बेटी आयशा और एक बेटा आरव है। कुंवरपाल की मौत के बाद से पत्नी प्रीति बेसुध हैं। दो बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए छिन गया। कुंवरपाल की मौत के बाद से पिता धर्मपाल सिंह समेत पूरे परिवार का हाल बेहाल है।

अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



## संपादकीय Editorial

# Na jibe river in savanma

The importance of Sawan is very much in the agricultural culture. By this month the paddy straws become fit for planting in the fields. If there is enough rain and the fields have enough water to plant paddy, then the planting begins. Along with the adult women of the house, the newlyweds also set out to plant paddy tightly. There is a strange atmosphere in the fields, a light veil remains, but the legs are open. Women plant paddy with their friends under the open sky. Dhanropani enjoys a picnic for the newlyweds who do not leave the house. But on the other hand, in the month of Sawan-Bhado, a call comes from Naihar. Now the mango season is about to end in Naihar ki Amrai and there are swings in the orchards. Married and unmarried daughters come together. It is time to take pange while singing kajri. But in her new household, Rami Bala, who has become a bride, has a strong attraction towards her father-in-law's house, so she sings - Naahak Bhaiya Avalan Leonwan / Na jaibai river in Savannama. This feeling is often rare, but it is. Brides, who are now used to living with their beloved, never want to go to Naihar while living in their house. After the paddy is planted, the farming-household work ends for a few days. Men often go east-west in the jugaad of livelihood. Women of all age groups stay at home. The unyielding rain of Sawan-Bhado month and the roaring thunder of the clouds create fear in the mind, in such a way that the night is cut in the eyes. Generally the houses of the farmers are not pucca and that too in the villages along the river banks. In such a situation, women alone in the house without Piya spend the night by singing and humming the lyrics of the songs - Mas Bhado, Chahundis Kado / Drimjhim Barisay Megh Hey / Piya Binu Dhani Vithar Kampay / Dadur Machbayy Shor Hai. (In the month of Bhado, there is mud all around, the clouds are drizzling, the frogs are making noise, so the bride is trembling without her beloved.) Those whose beloved or master is already out of the village. They are gone, they are different - Jhinsiya padded Sawan ki Bundia / Piya with khelab pachisi na. Pachisi is a very rural game that does not require any board to play. Lines are engraved on the clay floor with thin wood and the game is started with blocks of small stones. The glory of victory and defeat lies only in happiness. The game is, in a way, suppose to be rural chess, which people play with shells, not seals. In this way the uplift also goes on. Late in the night, the husband who came according to Bhin, was asked- Adhirtiya, the Nishi of Sawan-Bhado / Where are you Gamaila Sagri Rati ji? The answer is also simple, there is no entanglement - Toro san beautiful ego Malin daughter / Uhe lelak hamara lobhay ji. Went to buy Gajra from Malin for his beloved, but Mardud got caught in her trap.


Naihar does not want to go, wants to protect the paddy and water of her small farm. They wait for Kunar-Katik, when the grains will start coming from the field to the barn. She wants to make a clay pot for her maintenance and narrates this dialogue over and over again - in a gold plate, serve javena / whether the brother eats it or not / no jaibe river in savanma / nahak bhaiya avalan layanma / na jaibe river in savanma .

# Disha Patani got 'bold' photoshoot done in Thai high slit gown, fans said, 'Fire'



Disha Patani has shared pictures from her recent bold photoshoot on Instagram. In this she can be seen posing in a bold style in a Thai high slit gown. Disha Patani has shared a total of 4 pictures. Disha Patani in black colored Thai high slit gown Wearing it - In the first picture she can be seen posing in a black Thai high slit gown. Her hair is open. She is wearing lipstick. She is also carrying a bag in one hand. In the second photo she is wearing heels. And she is seen posing in a hot style. She is looking at the camera in a ravishing style. In the second photo she is posing in a different style and in the fourth photo her slim and toned figure is also seen. Disha Patni Shared bold pictures wearing bean dress - Even before this, Disha Patni shared her pictures wearing bean dress. She had shared a total of 3 pictures and all three pictures were closeup. Fans are very fond of Disha Patni's style. The pictures were shared 2 hours ago, which got close to four and a half lakh likes. At the same time, close to two and a half thousand comments have been made on this. Many people have shared heart and fire emojis on the pictures. While many people have commented like Hot, Osm, Amazing, Hot and Beautiful. Disha Patni will soon in the film Ek Villain Returns. Coming to be seen - Disha Patani will soon be seen in the film Ek Villain Returns. Apart from her, Arjun Kapoor, Tara Sutaria and John Abraham have an important role in this film. This film is a remake of Ek Villain which came in 2014. The film was directed by Mohit Suri has done

# Big update related to Deepika Padukone and Hrithik Roshan's film Fighter surfaced, the film may go on floors from this day



Bollywood actor Hrithik Roshan is in a lot of headlines these days for his personal and professional life. The actor is also known for his scintillating dance moves and scintillating action sequences. But these days he is in a lot of discussion about the remake of his upcoming films Fighter and Vikram Vedha. Now the news of his film Fighter coming on the floor is coming. As per a report in ETimes, Hrithik Roshan and Deepika Padukone starrer Fighter may go on floors this September. According to the report, this film was to start in September last year. But due to various reasons the shooting of this project was postponed and now after exactly a year, the discussions about the film coming on the floor again have intensified. Let us tell you, Hrithik Roshan has recently completed the shooting of the remake of Vikram Vedha. And these days he has gone on vacation. Soon after returning to Mumbai, the shooting of the fighter can start. Fighter will be released next year- A few months ago the makers announced the new release date of Fighter by sharing a video. The character of the film and the new release date of the film are being introduced in the video along with a strong music. The film will be released in cinemas on September 28, 2023. Let us tell you, Fighter is India's first aerial action franchise film. Hrithik Roshan and actress Deepika Padukone are going to be seen in the lead roles in this film. Apart from Hrithik Roshan and Deepika Padukone, Anil Kapoor is also going to be seen in an important role in the film. Will pair for the first time with Deepika Padukone - Directed by Siddharth Anand, this film is being produced under the banner of Marflix Pictures.

# गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढे,अधिकारी मौन

योगेश मुद्गल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जलेसर कस्वा जलेसर से 3 किमी0 दूर वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमल सागर जी की जन्मस्थली कोसमा में जलेसर फ़िरोज़ाबाद मार्ग रोड पर बने गड्ढ़े इन दिनों लोगों की परेशानियों का सबब बने हुए हैं। रेलवे फाटक के पास ख़तरनाक खाई से लेकर कोसमा गाँव तक दर्जनों गड्ढे हैं। उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध वात्सल्य आरोग्य धाम चौराहा कोसमा पर हालात बेहद खराब हो चुके हैं। हल्की बारिश से जलभराव की समस्या बन जाती है। इस वक्त प्रदेश भर में मानसून की भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में यह गड्ढे परेशानी को और भी ज्यादा बढाएंगे। जहाँ-जहाँ जलभराव की समस्या हो रही है वहां पर सड़क तेजी से टूट रही है। यहाँ पर पिछले करीब छः माह से जलभराव की समस्या है। ऐसे में सड़क का टूटना स्वाभाविक है। संबंधित विभाग द्वारा समय रहते इसकी देख संभाल नहीं की गई है। जिसके चलते हालात काफी गंभीर बन गए हैं। वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमल सागर जी की जन्मस्थली होने के नाते क्षेत्रीय सांसद, विधायक, मंत्री, कानूनमंत्री, मेयर आगरा, चैयरमेन, जिलाध्यक्ष ्क्ष्क्ष्कआदि जैसे वीआईपी लोगों के साथ विदेशों से एवं भारत के कौने-कौने से टूरिस्ट्स एवं भक्तगणों का आना जाना रहता है एवं विशाल मेले का भी आयोजन होता है परन्तु टूटे रोड़ के लिए आबाज उठाना किसी ने मुनासिब नहीं समझा है इसी फ़िरोज़ाबाद मार्ग से सैकड़ों छात्र/छात्राएं पढ़ने के लिए जलेसर आते/जाते हैं। इसके अलावा पूरा दिन इस रोड पर स्थित दुकानों से सामान खरीदने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। सड़क की हालत खस्ता होने के कारण यहां से गुजरते समय वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो जाती है और रोड पर जाम के हालात बने रहते हैं। सड़क जर्जर होने के कारण पूरे दिन यहां धूल उड़ती रहती है। यह धूल आसपास दुकानों में रखे सामान पर जम जाती है। जिसके कारण दुकानदारों को परेशानियां होती हैं। इसके अलावा धूल सांस लेते समय शरीर में चली जाती है। जिससे श्वास संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। यही नहीं वाहन चालकों को भी यह गड्ढे एवं धूल काफी परेशान करती है। यहाँ से गुजरने वाले आम राहगीरों ने भी मरम्मत की लगाई गुहार है। कोसमा के दुकानदारों ने रोड की मरम्मत करवाने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क दिन प्रतिदिन टूट रही है। ऐसे में यदि सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत नहीं की गई तो हालत और भी गंभीर बन जाएंगे

# छात्रवृत्ति पाने के लिए लगानी होगी बायोमीट्रिक हाजिरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- माध्यमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षारत छात्र-छात्राओं की बायोमीट्रिक मशीन से 75 फीसदी हाजिरी होने पर ही छात्रवृत्ति के लिए पात्रता का दावा किया जा सकता है। चालू वर्ष में दशमोत्तर छात्रवृत्ति पाने के लिए छात्र-छात्राओं की बायोमीट्रिक मशीन से ही हाजिरी लगानी होगी, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो छात्रवृत्ति रोक दी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि यादव ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन राजकीय, अनुदानित, व मान्यता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों को करना होगा। तभी छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति लेने के हकदार होंगे। माध्यमिक विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, फार्मेसी और निजी शिक्षण संस्थानों पर भी यह नियम लागू किया गया है। भिन्न मोहल्लों में इसकी स्ट्रीट लाइट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए अन्यथा माननीय नगर विकास मंत्री के आगमन पर जमकर शिकायत की जाएगी

# 16 हजार वृद्धजन का अभी तक आधार से सत्यापन नही

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आधार सत्यापन नहीं कराया तो वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल सकेगी, सत्यापन कार्य अनिवार्य किया गया है। लेकिन जिले के करीब 16 हजार वृद्ध लाभार्थी सत्यापन से दूर हैं। इसके लिए जिले में 30 जुलाई तक ब्लॉक स्तरीय, नगर पालिका व नगर पंचायतों में जगह-जगह शिविर लगाए जाएंगे। ताकि कोई भी वृद्ध पेंशन पाने से वंचित नहीं रहे। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आधार प्रमाणीकरण (सत्यापन) का कार्य चल रहा है। जिले में 16120 पेंशनरों के आधार सत्यापन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जनसेवा केंद्रों पर आधार सत्यापन का कार्य चल रहा है।
इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक, नगर पालिका व नगर पंचायतों में 30 जुलाई तक वृद्धजनों की सुविधा के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पहुंचकर पेंशनर अपना आधार सत्यापन करा सकते हैं। जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के निर्देश पर समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के निर्देशन में 17 जगहों को शिविरों को लिए चिह्नित किया गया है। सभी ब्लॉक, तहसील, नगर पालिका और नगर पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इनमें जन सुविधा केंद्र प्रभारियों को उपकरण सहित उपस्थित रहने के डीएम की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

> ■ राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के पात्रों का आधार सत्यापन कार्य चल रहा है। अभी 16120 पेंशनरों का सत्यापन शेष है। ब्लॉक, नगर पालिका व नगर पंचायतों में शिविर लगवाकर सत्यापन कराया जा रहा है। -रश्मि यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी

# डीपीआरओ के फर्जी हस्ताक्षर से बहाल कर दिए दो सफाई कर्मी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

> □ जिला पंचायती राज विभाग में दो सफाई कर्मचारियों की बहाली फर्जी हस्ताक्षर से की गई है तो इसकी जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर संबंधित बाबू पर कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी, मुख्य विकास अधिकारी

एटा- जिला पंचायती राज विभाग में गड़बड़ी का एक और मामला सामने आया है। यहां पर तैनात बाबू ने फर्जी पत्र बनाया और डीपीआरओ के फर्जी हस्ताक्षर कर दो सफाई कर्मचारियों को बहाल करा लिया। यहां तक सफाई कर्मचारियों की नवीन ग्राम पंचायत में तैनाती भी दे दी गई। जबकि इन दोनों कर्मचारियों की जांच चल रही थी। जिला पंचायती राज विभाग में तैनात अधिष्ठान लिपिक सुनीता सिंह ने विकासखंड जैथरा के दो सफाई कर्मचारियों को तत्कालीन डीपीआरओ के फर्जी हस्ताक्षर कर बहाल करा लिया। ग्राम पंचायत गैंसिगपुर में तैनात सफाई कर्मचारी राजेंद्र सिंह को 9 जून को मनमाने तरीके से काम करने और उच्चाधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबित किया गया था। वहीं फर्जी हस्ताक्षर कर वेतन आहरित करने का आरोप भी लगाया गया था जिसकी जांच की जा रही थी। वहीं जैथरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत भाऊपुरा में तैनात सफाई कर्मचारी मुनीश्वर दयाल को तीन जून को निलंबित किया गया था। इसकी भी विभागीय जांच की जा रही थी। इन दोनों सफाई कर्मचारियों की जांच आख्या विभाग में 30 जून को प्रस्तुत की गई। लेकिन विभाग में तैनात बाबू ने जांच आख्या आने से पहले ही 24 जून को कर्मचारियों को बहाल कर नवीन ग्राम पंचायत में तैनाती दे दी। सफाई कर्मचारी राजेंद्र सिंह को ग्राम पंचायत तोसइया और मुनीश्वर दयाल को ग्राम पंचायत बादूपुरा में तैनाती दे दी गई। जबकि 30 जून तक जिले में तैनात रहे डीपीआरओ मनोज त्यागी ने दूरभाष पर की गई बातचीत में बताया कि निलंबित सफाई कर्मियों को बहाल करने का कोई आदेश जारी नहीं किया। यह फर्जी है, इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 03 अभियुक्तों को अवैध असलहा कारतूस एवं चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- थाना रिजोर पुलिस को मिली सफलता, थाना रिजोर पुलिस द्वारा घर में घुस कर चोरी करने की घटना में प्रकाश में आए 03 अभियुक्तों को अवैध असलहा कारतूस एवं चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया है।
घटना - दिनांक 14.07.2022 को थाना रिजोर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेना कला में अज्ञात युवकों द्वारा घर में घुसकर 6 सरसों की बोरी 02 गेंहू की बोरी एवं 15 लीटर सरसों का तेल चुरा लिया था। जिस संबंध में थाना रिजोर पर मुअस- 86/2022 धारा 457, 380 भादवि अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तारी- आज दिनांक 17.07.2022 को थाना रिजोर पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आए 03 अभियुक्तगणों को मुखबिर की सूचना पर चोरी किए हुए 2 बोरी गेहूं, 2550 रुपए नगद, एवं 01 अवैध तमंचा व 04 जिंदा कारतूस 315 सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# विशेष विधिक जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन,अधिकारों के संबंध में दी गई जानकारी

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- माननीय उच्चतम न्यायालय के पारित आदेश के परिपालन में तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर श्री अशोक कुमार साहू जी के निर्देशन में 15 जुलाई 2022 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर व जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सेक्स वर्करों मध्य विधिक जागरूकता एवं कानूनी अधिकार संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सूरजपुर के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर श्रीमती डॉली ध्रुव, उप संचालक समाज कल्याण विभाग सूरजपुर, श्रीमती बी. तिर्की, महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर श्रीमती इंदिरा चौबे एड्स नियंत्रक सोसायटी चिकित्सा विभाग सूरजपुर श्री प्रवीण कुमार संरक्षण अधिकारी बाल कल्याण समिति सूरजपुर श्री अखलेश सिंह, केन्द्र प्रशासन सखी वन स्टॉप सेन्टर सूरजपुर श्रीमती बीनिता सिन्हा एवं पथ प्रदर्शक एन.जी.ओ. से सकुन्तला नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती डॉली ध्रुव ने अपने उद्बोधने में कहा हमारे संविधान के अनुच्छेद 14,19,21 के अनुसार विधि के समक्ष समानता का अधिकार हैं। वहीं उन्होंने आगे बताया इनके बच्चों को स्कूल आदि में अलग नजरिये से देखा जाता है जबकि इनको भी सम्मानजनक जीवन जीने के साथ शिक्षा तथा अन्य अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। आगे उन्होंने उनके लिए शासन की ओर संचालित होने वाली योजनाओं के तहत राशन कार्ड आधार का आदि बनवाने के विषयों पर जानकारी दी। वही एड्स नियंत्रण सोसायटी की टीम के एड्स बीमारी के लक्षण फैलने के कारण व बचाव के उपाय पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया वही महिला बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजनाओं एवं महिलाओं के अधिकारों व महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों व सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान के सभाकक्ष में समस्त संस्था प्रभारी, एसएमओ, सीएचओएस, आरएसओएस का समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान के सभाकक्ष में समस्त संस्था प्रभारी, एसएमओ, सीएचओएस, आरएसओएस का समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीडी कार्यक्रम, टीबी कार्यक्रम, परिवार नियोजन, एचडब्ल्यूसी संबंधित समस्त गतिविधियों एवं ऑनलाइन एन्ट्री के संबंध में विस्तार से समीक्षा किया गया एवं आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इसी आधार पर एचडब्लूसी इंसेंटिव निर्धारित होगा। कार्य में लापरवाही करने वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी संस्थान में टेलीमेडिसिन प्रतिदिन अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए। जन आरोग्य समिति के प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण अधिकारी डॉ. काशीराम खुसरो, एनसीडी जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उत्तम सिंह, टीबी जिला नोडल अधिकारी डॉ. विद्याभूषण टोप्पो एवं संजीत द्वारा समीक्षा एवं प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान सेक्टर प्रभारी, बीपीएम भूपेंद देवांगन, नेत्र सहा.अधिकारी अमित चौरसिया, आरएचओ महेंद साहू, सीएचओ वंदना, किरण एवं पूजा दास समस्त क्षेत्रीय स्तर के स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।


# महंगाई को लेकर फिर भाजपा पर बरसे अखिलेश यादव, बोले-गरीबों को और गरीब बना रही सरकार



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था लाने की जिद में गरीब को और गरीब बना रही है। पौष्टिक आहार पर जीएसटी की दरें बढ़ाकर आम जनता को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार पैकेज्ड और लेबल वाली दही, लस्सी, पनीर, शहद, मांस, मछली सहित आटा चक्की, दाल, चीनी, एलईडी लैंप और लाईट्स के साथ चेक बुक, होटल के कमरे आदि सभी पर जीएसटी दरें बढ़ाकर जनजीवन मुश्किल बनाकर जनता का शोषण कर रही है। अखिलेश यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में एक डालर के मुकाबले रुपया 80 के पार हो गया है इससे अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण विदेशों में पढ़ाना, विदेश यात्रा करना सब मुश्किल हो गया है। खाद, बीज, कृषि यंत्र सभी महंगे हैं। मोबाइल, कार खरीदना महंगा हो गया है। व्यापार घाटा बढ़ गया है। आयात महंगा हो जाने से देश की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। महंगाई की तपिश से परेशान लोगों का जिस तेजी से बजट बढ़ा है, उस अनुपात में आय नहीं बढ़ी है। इससे लोगों की घरेलू अर्थव्यवस्था बिगड़ गयी है। इस भीषण महंगाई में जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। महीने के राशन का खर्च लगभग 100 फीसदी बढ़ गया है। बैंकों ने लोन पर ब्याज की दरें बढ़ा दी है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां इसकी जिम्मेदार हैं। भाजपा ने गरीबों, मध्यमवर्ग को राहत देने के बजाय बड़े पूंजीघरानों को तमाम रियायतें देने का काम अब तक किया है। ऐसी जनविरोधी सरकार को पीड़ितजन कब तक बर्दाश्त करेंगे?

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस. सिंह के निर्देशन में एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक शाला सूरजपुर में 600 स्कूली बच्चों स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु टीम के डॉक्टर सी, पी, मिश्रा व डॉक्टर सीमा जायसवाल के नेतृव में किया गया जिसमे नेत्र परीक्षण नेत्र चिकित्सा सहा. अधिकारी मारुति नंदन चक्रधारी द्वारा किया गया। जिसमें 20 दृष्टिदोष, 01 भेंगापन तथा 08 छात्रों जिला चिकित्सालय सूरजपुर जांच हेतु रेफर किया गया। इसी के साथ बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा के साथ बच्चों का वजन, हाइट इत्यादि की जांच की गई। इस कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य मैडम चिरायु टीम के फार्मासिस्ट श्री रूपनारायण यादव, सिस्टर अनिता प्रजापति, व विद्यालय के शिक्षक छात्रों का सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

# आजमगढ़ में आधार कार्ड वेरिफिकेशन में लापरवाही पर 40 शिक्षकों का वेतन रोका

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में आधार कार्ड वेरिफिकेशन में लापरवाही पर बीएसए ने 12 स्कूलों के 40 शिक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। वहीं पांच स्कूलों के 19 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीएसए कार्यालय में रविवार को समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने यह निर्देश जारी किए हैं। परिषदीय स्कूलों में बच्चों का प्रेरणा पोर्टल पर डीबीटी एप के माध्यम से आधार कार्ड सत्यापन किया जाना है, जिससे स्कूलों मे फर्जी नामांकन पर रोक लगाया जा सके। बीएसए अतुल कुमार सिंह ने ठेकमा, अतरौलिया, पल्हना, रानी की सराय, तरवां ब्लाक क्षेत्र 19 स्कूलों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में पांच ब्लाकों की आधार वेरिफिकेशन की प्रगति खराब मिली। जिन स्कूलों में आधार नामांकन का कार्य शून्य से दस तक था, उनकी तकनीकी टीम की ओर से वेरिफिकेशन कराया गया। इसमें पांच स्कूलों में कार्यरत 19 शिक्षकों के विरुद्ध कम नामांकन व कम आधार वेरिफिकेशन होने के कारण एक हफ्ते का समय देते हुए कारण बताओ जारी किया गया है। वहीं डीबीटी के कार्य में शिथिलता बरतने व आधार वेरिफिकेशन कम करने के कारण कुल 12 स्कूलों के 40 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया गया है।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com